### इंडस नेशनल स्कूल, साधू नगर, सितारगंज (उधमसिंह नगर)

**निरीक्षण तिथि – 16.12.2016**

**1– आवेदन पत्र**

संस्था द्वारा शैक्षिक सत्र 2016–17 हेतु सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु आवेदन पत्र शासनादेश संख्या CBSE/Aff/SL-01438-1617/2016/1113662 दिनांक 25.07.2016 के साथ संलग्न परिशिष्ट–2 पर किया गया है। संस्था द्वारा अपना आवेदन पत्र इस कार्यालय में दिनांक 26.04.2015 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 16.12.2016 को संस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। संस्था द्वारा नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु निर्धारित शुल्क रू0 50,000.00 एवं रू0 .................. ............ विलम्ब शुल्क कुल रू0 50,000.00 का चालान भारतीय स्टेट बैंक हल्द्वानी (नैनीताल) में चालान संख्या 12 दिनांक 27.04.2015 द्वारा जमा किया गया है। **मूल चालान की प्रति पत्रावली में संलग्न है।**

**2– विद्यालय की क्षेत्रीय आवश्यकता–**

विद्यालय 18 किमी0 सितारगंज नगरपालिका क्षेत्र के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन से ......................... की दूरी पर स्थित है। संस्था के ...................... से ...................... की परिधि में राज्य सरकार/अशासकीय/परिषदीय/सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 द्वारा संचालित विद्यालयों का विवरण निम्नवत् है।

| क्र0 सं0 | नाम विद्यालय | किस स्तर तक संचालित है | दूरी | सम्बद्धता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जी0एस0 कान्वेंट, सितारगंज | हायर सेकेंडरी स्तर तक | 13 किमी0 | सी0बी0एस0ई0 |
| 2 | राजकीय इंटर कालेज, औदली | इंटरमीडिएट स्तर तक | 06 किमी0 | उत्तराखण्ड बोर्ड |
| | | | | |

अ– इस विद्यालय के समीपस्थ संचालित प्राईमरी/हाईस्कूल/इन्टर कालेज जो संचालित है, की छात्र संख्या पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा।

ब– स्थानीय अभिभावकों का कोई शोषण नहीं होगा।

स– विद्यालय में किसी तरह का भेदभाव उत्पन्न नहीं होगा।

वर्तमान समय में जहां पर सी0बी0एस0ई0 का यह विद्यालय संचालित हो रहा है। वहां पर विद्यालय की क्षेत्रीय आवश्यकता है। निरीक्षण की तिथि को संस्था में पंजीकृत छात्र/छात्राओं की संख्या निम्नवत् है।

| कक्षा | छात्र | छात्रा | योग |
|---|---|---|---|
| 1 | 05 | 02 | 07 |
| 2 | 08 | 03 | 11 |
| 3 | 06 | 00 | 06 |
| 4 | 10 | 00 | 10 |
| 5 | 09 | 04 | 13 |
| 6 | 16 | 01 | 17 |
| 7 | 09 | 03 | 12 |
| 8 | 03 | 03 | 06 |
| योग | 66 | 16 | 82 |

संस्था में कुल 8 अनुभाग संचालित है। इन अनुभागों मे कुल 82 छात्र/छात्रायें पंजीकृत है।

**3– विद्यालय सोसायटी का पंजीकरण–**

विद्यालय सोसायटी इनविराड एजूकेशन, नई दिल्ली में पंजीकृत है। सोसायटी का पंजीकरण **कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25** के अंतर्गत तक विधिमान्य है।

**4– विद्यालय का वित्तीय सर्वेक्षण–**

विद्यालय का वित्तीय वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 का वित्तीय सर्वेक्षण सी0ए0 द्वारा कराया गया। वित्तीय सर्वेक्षण की रिर्पोट पत्रावली में संलग्न है।

**5– विद्यालय प्रबन्ध समिति–**

विद्यालय प्रबन्ध समिति का गठन विधिवत किया गया है। विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य एक–दूसरे के सगे सम्बन्धी नहीं है। इस आशय का विद्यालय प्रबन्धन समिति द्वारा नोटरी का शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। **(हाँ)**

**6– विद्यालय का परीक्षाफल–**

विद्यालय का विगत 01 वर्ष का परीक्षाफल संलग्न किया है। परीक्षाफल उत्तम है। **(हाँ)**

**7– संस्था में अध्यापक/कर्मचारियों का विवरण एवं वेतन भुगतान की स्थिति–**

संस्था में 01 प्रधानाचार्य, 14 अध्यापक, 01 ड्राईवर, 01 स्वच्छक कम चौकीदार 17 कर्मचारी कार्यरत है। संस्था में कार्यरत सभी अध्यापक प्रशिक्षित है। संस्था में कार्यरत अध्यापकों का वेतन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सितारगंज, उधमसिंह नगर के माध्यम से किया जा रहा है। सभी कर्मचारियों के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में खाते खुल है। संस्था में कार्यरत कर्मचारियों के समतुल्य मूल वेतन एवं 14 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का भुगतान किया जा रहा है।

## 8– कर्मचारियों की सेवा नियमावली–

कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनायी गयी है, जो सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली के मार्गदर्शक के अनुरूप तैयार की गयी है।

## 9– भूमि भवन–

विद्यालय भवन भूमि पर विद्यालय समित का स्वामित्व है। विद्यालय भवन भूमि से सम्बन्धित समस्त पत्रजात पत्रावली में संलग्न है। वर्तमान में विद्यालय में कक्षों का विवरण उनका उपयोग सहित तथा माप सहित निम्नवत् है।

| क्र0सं0 | कक्षों का विवरण | माप मीटर में | कक्षों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा कक्ष | 8.30 x 6.35 मीटर | 18 |
| 2 | कार्यालय कक्ष | 8 x 4 मीटर | 1 |
| 3 | प्रधानाध्यापक कक्ष | 7 x 3 मीटर | 1 |
| 4 | कम्प्यूटर कक्ष | 10 x 8 मीटर | 1 |
| 5 | विज्ञान प्रयोगशालायें | 8.3 x 6.35 मीटर | 4 |
| 6 | प्रोजेक्टर कक्ष | 8.3 x 6.35 मीटर | 1 |
| 7 | क्रीडा सामग्री कक्ष | 8.3 x 3.18 मीटर | 1 |
| 8 | पुस्तकालय | . x . मीटर | 1 |
| 9 | भण्डार कक्ष | 8.30 x 10 मीटर | 1 |
| 10 | कला कक्ष | 8.3 x 6.35 मीटर | 1 |
| 11 | गार्ड रूम | 8 x 3 मीटर | 1 |

संस्था के छात्र/छात्राओं के शिक्षण हेतु पर्याप्त व्यवस्था है। संस्था द्वारा विद्यालय का मानचित्र प्रस्तुत किया है, जो संलग्न है।

## 10– शुल्क विवरण–

संस्था द्वारा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से निम्न विवरणानुसार शुल्क लिंया जा रहा हैं ।

| क्र0 सं0 | वार्षिक शुल्क/विकास शुल्क | रजिस्ट्रेशन शुल्क | मसिक | | अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | शिक्षण शुल्क | कम्प्यूटर शुल्क | |
| 1 | 5,000.00 | 5,000.00 | 3,000.00 (कक्षा 1 से 5 तक)<br>3,500.00 (कक्षा 6 से 8 तक) | – | – |
| | | | | | |

## 11– कर्मचारी कल्याणकारी योजना–

संस्था में वर्तमान में कुल 17 कर्मचारी कार्यरत है। 20 से कम कर्मचारी पर पी0एफ0 योजना लागू नहीं की जाती है। संस्था को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता प्राप्त होने के उपरान्त कर्मचारियों के कल्याणार्थ पी0एफ0 योजना लागू करनी होगी।

**12– शिक्षण सामग्री–**

संस्था के पास वर्तमान में संस्था में रू0 5,000/– मूल्य का चार्ट ग्लोब्र, माडल आदि शिक्षण सामग्री की मूल्य सहित सूची संलग्न है।

**13– फस्ट एड सामग्री–**

संस्था के पास वर्तमान में रू0 1,540/– मूल्य की फस्ट एड सामग्री उपलब्ध है। सूची मूल्य सहित संलग्न है।

**14– कम्प्यूटर सामग्री–**

संस्था के पास वर्तमान में रू0 1,40,000/– मूल्य की कम्प्यूटर सामग्री उपलब्ध है। सामग्री की सूची मूल्य सहित संलग्न है।

**15– क्रीडा सामग्री–**

संस्था के पास रू0 25,540/– मूल्य की क्रीडा सामग्री उपलब्ध है। क्रीडा सामग्री की मूल्य सहित सूची संलग्न है।

**16– संगीत सामग्री–**

संस्था के पास रू0 40,450/– की संगीत सामग्री उपलब्ध है। सामग्री की मूल्य सहित सूची संलग्न है।

**17– विज्ञान सामग्री–**

संस्था के पास वर्तमान में रू0 6,102/– की विज्ञान सामग्री उपलब्ध है। सामग्री की मूल्य सहित सूची संलग्न है।

**18– पुस्तकें–**

संस्था के पास वर्तमान में विभिन्न संदर्भों की 1100 पुस्तकें उपलब्ध है। पुस्तकों की सूची मूल्य सहित संलग्न है।

उपरोक्त के अतिरिक्त राजाज्ञा संख्या 2762/15–13–91(46)दिनांक 30.11.1991 में दिये गये प्रतिबन्ध विद्यालय प्रबन्ध समिति को मान्य है। उपरोक्त आख्या के अनुसार "इंडस नेशनल स्कूल, साधूनगर, सितारगंज (उधमसिंह नगर)" को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की संस्तुति प्रदान की जाती है।

(डा0पी0एन0सिंह)
मुख्य शिक्षा अधिकारी
ऊधमसिंह नगर

**कार्यालय – मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड**

पृ0 सं0 /शि0स0/12396/2016–17 दिनांक 16 दिसम्बर 2016

प्रतिलिपि– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून को निरीक्षण आख्या व पत्रावली दो प्रतियो में सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य शिक्षा अधिकारी
ऊधमसिंह नगर